INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 8th (3rd Lang)	Department: Hindi	Month: Feb/2023
Worksheet No:7	Topic: अर्थग्रहण	Note: File it in your Portfolio

निर्देश-अनुच्छेद को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

संघर्ष के मार्ग में अकेला ही चलना पड़ता है। कोई बाहरी शक्ति आपकी सहायता नहीं करती है। परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन आदि मानवीय गुण व्यक्ति को संघर्ष करने और जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग प्रशस्त करते हैं। दो महत्वपूर्ण तथ्य स्मरणीय हैं - प्रत्येक समस्या अपने साथ संघर्ष लेकर आती है। प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में विजय निहित रहती है। एक अध्यापक ने विद्यालय से विदा होने वाले अपने छात्रों को यह संदेश दिया था - तुम्हें जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करने का अभ्यास करना होगा। हम कोई भी कार्य करें, सर्वोच्च शिखर पर पहुँचने का संकल्प लेकर चलें। सफलता हमें कभी निराश नहीं करेगी। समस्त ग्रंथों और महापुरुषों के अनुभवों का निष्कर्ष यह है कि संघर्ष से डरना अथवा उससे मुख मोड़ना अहितकर है, मानव धर्म के प्रतिकूल है और अपने विकास को अनावश्यक रूप से बाधित करना है। आप जागिए, उठिए! दृढ़-संकल्प, उत्साह एवं साहस के साथ संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़िए और अपने जीवन के विकास की बाधाओं रूपी शत्रुओं पर विजय प्राप्त कीजिए।

(क) मनुष्य को संघर्ष करने व जीवन में सफलता प्राप्त करने का मार्ग कैसे प्रशस्त होता है?

(i) निर्भीकता, साहस, आत्मविश्वास से

(ii) परिश्रम, लगन, आत्मविश्वास से

(iii) साहस, दृढ़ इच्छाशक्ति, विश्वास से

(iv) परिश्रम, दृढ़ इच्छा शक्ति व लगन से

(ख) प्रत्येक समस्या अपने साथ क्या लेकर आती है?

(i) संघर्ष (ii) कठिनाइयाँ (iii) चुनौतियाँ (iv) सुखद परिणाम

(ग) प्रत्येक संघर्ष के गर्भ में क्या निहित रहती है?

(i) विजय (ii) पराजय (iii) दोस्ती (iv) भाईचारा

(घ) अध्यापक ने विद्यालय से विदा होने वाले अपने छात्रों को क्या संदेश दिया था?

(i) जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष नहीं करना होगा

(ii) जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से संघर्ष करना होगा

(iii) जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं से दूर भागना होगा

(iv) जीवन में सफल होने के लिए समस्याओं को लेकर रोना होगा

(च) समस्त ग्रंथों और अनुभवों का निष्कर्ष क्या है?

(i) संघर्ष से डरना या मुख मोड़ना अहितकर है।

(ii) मानव-धर्म के प्रतिकूल है।

(iii) अपने विकास को बाधित करना है।

(iv) उपर्युक्त सभी सही हैं

(छ) 'मानवीय' शब्द में कौन-सा मूल शब्द और प्रत्यय सही है?

(i) मानवी + य (ii) मानव + ईय

(iii) मानव + नीय (iv) मानव + इय

(ज) संघर्ष रूपी विजय रथ पर चढ़ने के लिए आवश्यक है-

(i) दृढ़ संकल्प, निडरता और धैर्य

(ii) दृढ़ संकल्प, उत्साह एवं साहस

(iii) दृढ़ संकल्प, आत्मविश्वास और साहस

(iv) दृढ़ संकल्प, उत्तम चरित्र एवं साहस

(झ) गद्यांश के लिए उचित शीर्षक क्या हो सकता है?

(i) संघर्ष से सफलता की प्राप्ति

(ii) संघर्ष से असफलता की प्राप्ति

(iii) संघर्ष से साहस की प्राप्ति

(iv) संघर्ष से भय की प्राप्ति

---xxx---